Seventeenth Loksabha

an>

Title: Reg. Declaring Nawada Parliamentary Constituency as Drought - hit, Famine prone area and special relief package for the farmers.

श्री चन्दन सिंह (नवादा): महोदया, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे इस लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है ।

मेरी लोक सभा नवादा सहित बिहार राज्य के कई ऐसे जिले हैं, जो कि इस वर्ष भयंकर सूखे की चपेट में हैं । चूँकि मेरे यहाँ मुख्य रूप से दो प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं, जिसमें मुख्यत: धान की ही अधिक रोपाई की जाती है और मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान सिर्फ खेती पर ही निर्भर हैं ।

महोदया, मैं आपका ध्यान मौसम विभाग की रिपोर्ट पर भी दिलाना चाहूँगा, जिसमें बताया गया है कि बिहार में वर्ष 2022 में 1 जून से 12 जुलाई तक 192.9 मिलीमीटर बारिश हुई है । इसी समयावधि में वर्ष 2021 में इससे दो गुना से भी अधिक 480 मिलीमीटर और वर्ष 2020 में करीब 389 मिलीमीटर बारिश हुई थी ।

15.00 hrs

पिछले कुछ सालों की तुलना में अब तक काफी कम बारिश हुई है । जितनी भी बारिश अभी तक मौसम विभाग के द्वारा दर्ज हुई है, उसमें भी दुर्भाग्यवश मेरा संसदीय क्षेत्र पूर्ण रूप से वंचित रहा है ।

माननीय सभापति महोदया, चिंता की बात यह है कि मानसून उस महीने में रूठा है, जो खरीफ की खेती के लिए निर्णायक होता है । इसलिए यह भी सत्य है कि बारिश न होने के कारण इस बार फसल पैदावार भी बेहद कम होगी । ऐसी परिस्थिति में किसान बेहद लाचार स्थिति में है । अत: मेरा सदन के माध्यम से आग्रह है कि पूरे नवादा संसदीय क्षेत्र को अकाल ग्रसित क्षेत्र घोषित किया जाए और मेरे नवादा लोक सभा क्षेत्र के किसानों को विशेष पैकेज देकर उनकी सहायता की जाये । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री गिरीश चन्द्र – उपस्थित नहीं ।

श्रीमती रीती पाठक – उपस्थित नहीं ।

श्री प्रतापराव जाधव – उपस्थित नहीं ।

श्री धर्मवीर सिंह ।